वर्ष 1 - अंक 14
बुधवार 4 दिसम्बर 2024- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

रणजीत टाइम्स

# इंदौर आज

## आधे दिन तक बाजार बंद रहेंगे



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में, 4 दिसंबर को इंदौर में आधे दिन तक बाजार बंद करने का निर्णय लिया गया है। रविवार को अहिल्या चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अहिल्या चैंबर के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक धीरज खंडेलवाल ने घोषणा की कि 4 दिसंबर को सर्व हिंदू समाज की रैली को समर्थन देते हुए इंदौर के व्यापारिक संगठन दोपहर 1 बजे तक दुकानें बंद रखेंगे।

इंदौर बंद में समर्थन देने वाले संगठन क्लॉथ मर्चेंट्स एसोसिएशन, सीतलामाता बाजार, खजूरी बाजार, न्यू सियागंज, टी मर्चेंट्स एसोसिएशन, स्कूटर पार्ट्स विक्रेता संघ, सियागंज किराना होलसेल मर्चेंट्स एसोसिएशन, अपोलो टॉवर विक्रेता संघ, पाइप एंड सैनिटरी व्यापारी संघ, इंदौर टाइल्स मर्चेंट्स एसोसिएशन, इलेक्ट्रिक मार्केट व्यापारी एसोसिएशन, इंदौर मशीनरी टूल्स, प्लायवुड और लैमिनेट्स व्यापारी संघ, मध्यप्रदेश दाल-दलहन व्यापारी महासंघ, इंदौर केमिकल ट्रेडर्स एसोसिएशन, इंदौर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन, दाल-चावल विक्रेता संघ, मल्हारगंज व्यापारी एसोसिएशन और चैंबर के अन्य व्यापारी संगठन।

# बंटी-बबली ने लगाई चपत

**सचिवालय में जॉब के नाम पर युवती से साढ़े 3 लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज**




जबलपुर में सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवती के साथ साढ़े तीन लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पैसे देने के बाद भी जब पीड़िता को नौकरी नहीं लगी, तब उसने इसकी शिकायत घमापुर थाने में की है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

**जबलपुर।**

### जानकारी के मुताबिक घटना घमापुर थाना क्षेत्र की है.....

ठगी का शिकार युवती संगीता श्रीवास्तव कॉलेज टाइम में ठगों के संपर्क में आई थी। जहां चांदनी पाठक और अंकित तिवारी ने भोपाल सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे साढ़े तीन लाख रुपए लिए थे। लेकिन पैसे मिलने के बाद ना तो उसे नौकरी में लगवाया और न ही उसके पैसे वापस किए। मामले में एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि घमापुर थाना क्षेत्र की आवेदिका संगीता श्रीवास्तव ने शिकायत करते हुए बताया कि बीएससी की पढ़ाई करने के बाद वो चांदनी पाठक नामक युवती के संपर्क में आई थी।

**उन्होंने बताया**

कि चांदनी पाठक और उसका पति अंकित तिवारी ने सचिवालय में भृत्य की नौकरी लगाने के नाम पर पीड़िता को अपने जाल में फंसाया और उससे तीन लाख रुपए से ज्यादा की रकम ऐंठ ली। एएसपी ने बताया कि आरोपियों ने युवती को ना तो नौकरी पर लगवाया और न ही उसके पैसे वापस किए। जिसके बाद पीड़िता की शिकायत पर दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। मामले में आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में नवजात का आधा शव मिलने से फैली सनसनी, जांच जारी

**भोपाल से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शाहजहांनाबाद इलाके में नवजात का आधा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।**

भोपाल। रहवासियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मामला शाहजहांनाबाद इलाके का है। जहां नवजात बच्चे का धड़ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय रहवासी दीपा ने



बताया कि, घर के बहार खेल रहे बच्चों की चीखने की आवाज आई तो उन्होंने बाहर जाकर देखा। जहां उनके घर के बाहर नवजात बच्चे का धड़ पड़ा हुआ था जिसे देख उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि, नवजात का धड़ स्ट्रीट डॉग लेकर आया। अब वो कहां से लाया इसकी जांच पुलिस कर रही है। सूचना पर मौके कर पहुंची शाहजहानाबाद थाने की पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम जांच में जुट गई है। आसपास के इलाके में नवजात के बाकी अंग की तलाश कर रही है। साथ ही पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है

# राजधानी में अलाव जलाने पर प्रतिबंध

### कचरा, सूखी पत्तियां-लकड़ियां और टायर जलाने पर होगी कार्रवाई

भोपाल। भोपाल में अब कड़कड़ाती ठंड में अलाव की राहत नहीं मिलेगी। भोपाल नगर निगम ने एक फरमान जारी किया है। जिसमें अलाव पर प्रतिबंध लगाया गया है। बढ़ते प्रदूषण के चलते शहर सरकार ने यह फैसला लिया है। कचरा, सूखी पत्तियां, लकड़ियां और टायर जलाने पर कार्रवाई होगी। नियमों के उल्लंघन करने वालों की शिकायत करने के लिए नंबर भी जारी किया गया है। प्रदेश की राजधानी भोपाल में दिसंबर का महीना आते ही तापमान में गिरावट देखी जा रही है। दिन और रात का तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस लुढ़ गया है। वहीं भोपाल नगर निगम ने एक फरमान जारी किया है. जो गरीब बस्तियों और मजदूर वर्ग के लिए मुसीबत बन सकता है। दरअसल, शहर में अलाव जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यानी अब कड़कड़ाती ठंड में अलाव की राहत नहीं मिलेगी।शहर की सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए यह फैसला लिया है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के पत्र पर निगम प्रशासन संज्ञान लेते हुए प्रतिबंध लगाया है। हालांकि रेन बसेरा, बस स्टैंड समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नगर निगम इलेक्ट्रिक हीटर की वैकल्पिक व्यवस्था करेगा।वहीं कचरा, सूखी पत्तियां, लकड़ियां और टायर जलने पर कार्रवाई होगी। भोपाल नगर निगम ने टास्क फोर्स बनाई है। नियमों के उल्लंघन करने पर दूरभाष नंबर 155303 भी जारी किया है। कहीं भी अलाव, कचरा, लकड़ी, पत्तियां समेत अन्य सामग्री को चला देखें तो इस नंबर पर शिकायत कर सकते हैं।

## इंगेजमेंट के दिन मौतः सिर पर सेहरा सजने से पहले ओढ़ा कफन, ट्रैक्टर से खाई में गिरने से हुई दर्दनाक मौत

पन्ना। पन्ना में 20 वर्षीय युवक की जिस दिन शादी तय हुई, उसी दिन सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। परिजन उसके विवाह की तैयारियां करते, उसके पहले ही घर में मातम छा गया। मामला अजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।बगराजन मोहल्ला निवासी राम विशाल आदिवासी की शादी की तारीख जिस दिन तय हुई, उसी दिन उसका एक्सीडेंट हो गया। मृतक ट्रैक्टर ड्राइवर था और मंगनी के दिन ही मुरुम लेने चला गया। इस दौरान उसका वाहन खदान के पास टकरा गया, जिससे खाई में गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 90% दिव्यांग उठने बैठने में भी असमर्थ, लेकिन जज्बा ऐसा की कार को ही बनाया डॉक्टर चैंबर

कहते हैं कि अगर कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो आसमान छूने से आपको कोई ताकत नहीं रोक सकती। जहां पूरी दुनिया आज विश्व विकलांग दिवस मना रही है।

ग्वालियर। वहीं भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर आज के दिन को विकलांग दिवस नहीं बल्कि दिव्यांग दिवस के रूप में मनाया जाता है।ग्वालियर शहर की हेमसिंह की परेड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल संचालित है। यहां पदस्थ डॉ विक्रम सिंह देश के उन सभी दिव्यांगों के लिए मिसाल हैं जो अपनी दिव्यांगता के चलते खुद को असहाय मायूस और कमजोर समझते हैं। डॉ विक्रम सिंह हौसला, जज्बा और काम के प्रति समर्पण की जीती जागती मिसाल है। डॉ विक्रम सिंह शरीर से लगभग 90% दिव्यांग है। वह चलने फिरने उठने बैठने में भी असमर्थ हैं। यहां तक कि उन्हें हाथ चलाने में भी अब दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इन सबके बावजूद वह इस कठिन दौर में भी अपने डॉक्टरी पेशे के बरकरार रख समाज को स्वस्थ रखने में जुटे हैं। वह रोजाना समय पर अपनी ड्यूटी पर पहुंच जाते हैं। अपनी दिव्यांगता के चलते वह अकेले अस्पताल में बने अपने केबिन तक नहीं पहुंच सकते इसलिए उन्होंने अपनी कार को ही अपना डॉक्टर चैंबर बना लिया है। वह अस्पताल के पास ही नीम के पेड़ के नीचे अपनी कार में बैठकर ही मरीजों का इलाज हर रोज करते हैं।

# रचाई भारतीय रीति रिवाज से शादी

**खजुराहो। दुनिया में अपनी ऐतिहासिक विश्व धरोहर के रूप में अपनी अलग पहचान के रूप में विश्व विख्यात खजुराहो अब वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। खजुराहो में हर साल सैकड़ों शादियां होती हैं, जिनमें देश के साथ विदेश से भी लोग यहां आकर शादी के बंधन में बंध रहे हैं, हाल ही में कुछ समय पहले दो शादियां हुई जिनमें देशी दुल्हन के साथ विदेशी दूल्हे ने सनातन पद्धति से अपने दाम्पत्य जीवन की नई शुरुआत की।एक बार फिर जिसमें देशी दुल्हन का दिल अमेरिकन दूल्हे पर आया है।**

मध्यप्रदेश के खंडवा की रहने वाली प्रांजलि जिन्होंने स्नातक डिग्री करने के लिए अमेरिका में दाखिला लिया और इसी दौरान ब्रांडन



के साथ प्रांजलि को प्यार हो गया। धीरे-धीरे बात आगे बढ़ी और उसके बाद दोनों तरफ से परिवारों की सहमति के बाद दोनों ने शादी करने का फैसला लिया। आज प्रांजलि और ब्रांडन ने भारतीय सनातन संस्कृति से शादी के बंधन में बंध गए। दोनों ही परिवारों ने गाजे बाजे के साथ नाच गाकर बारात के साथ शादी की अन्य रश्म को पूरा किया।लड़की के मामा ने बताया कि उन्होंने खजुराहो को ही इसलिए चुना क्योंकि खजुराहो में आकर शादी के साथ साथ इतिहास संस्कृति और सभ्यता को जानने का मौका भी मिलता है। और टूरिज्म भी प्रमोट होता है। इसी तरह से बारात में भी 40 से 45 अमेरिकन हैं वहीं शादी की सारी रस्म सनातन हिन्दू रीति रिवाज से कि गई हैं।

# नक्सल गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का हो पालन – मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सल गतिविधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की कार्ययोजना को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ की बैठक

**मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बालाघाट जिलें में अपने प्रवास के दौरान नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही को लेकर जनप्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।**



उन्होंने आईजी श्री संजय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नागेंद्र कुमार द्वारा जिलें में नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन के उद्देश्य से तैयार की गई योजना के प्रजेंटेशन का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को नक्सल गतिविधियों में जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्सल प्रभावी क्षेत्रों में गश्त बढ़ाते हुए मुखबिर व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 36 वीं बटालियन, हॉक फोर्स सहित सभी विशेष बल को एक्टिव रखने के निर्देश दिए हैं।

### बैठक में

परिवहन एवं स्कुल शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री श्री लखन पटेल, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक श्री गौरव पारधी, विधायक राजकुमार करांहे, विधायक श्री मधु भगत, विधायक श्री विक्की पटेल, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल, संभागायुक्त श्री अभय वर्मा, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, एसपी श्री नगेंद्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# लोकसभा में सांसद ज्ञानेश्वर ने पुरजोर तरीके से उठाई मांग

## बुरहानपुर जिले में लागू हो केले की फसल का मौसम आधारित बीमा- लोकसभा में गूंजा केला फसल बीमा का मुद्दा

**रंजीत टाईम्स**

बुरहानपुर। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक शहर बुरहानपुर की यहां उत्पादित केले से भी देश-विदेश में अलग पहचान है। केला यहां की प्रमुख फसल है।

केले को एक जिला एक उत्पाद में भी शामिल किया गया है। जिले के किसानों को 5 साल से केला फसल पर बीमा का लाभ दिए जाने की मांग सतत उठ रही है। इस संबंध में क्षेत्रीय किसानों तथा किसान संगठनों द्वारा खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील से भेट कर केला फसल बीमा की मांग की जा रही थी। आज लोकसभा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने नियम 377 के तहत पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष केले की फसल पर मौसम आधारित बीमा देने की मांग को उठाया। किसानों के लिये राहत भरी आई खबर से क्षेत्रीय किसानों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। सभी ने सांसद पाटील का आभार व्यक्त किया हैं।

### सांसद ने लोकसभा में यह कि मांग

मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत जिला बुरहानपुर में 60 हजार एकड़ में केले की फसल लगती है। 30 हजार से अधिक किसान केले की खेती से जुड़े हैं। इसलिए केला फसल का मौसम आधारित फसल बीमा होना चाहिए। हर साल मौसम बदलाव, तेज गर्मी, बेमौसम होने वाली बारिश और प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों के केले की फसलों का लाखों का नुकसान होता है। किसानों को अपनी फसल उखाड़कर फेकनी पड़ती है। किसानों को हर बार यह डर सताता है कि अगर प्राकृतिक आपदा से फसल को नुकसान हुआ तो क्या होगा, क्योंकि जो मुआवजा फसल बीमा में मिलता है वह राजस्व विभाग के आरबीसी नियम 6-4 के तहत नहीं मिल पाता। केंद्र सरकार द्वारा हर साल केला फसल के बीमे के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। लेकिन 2020 से अब तक नोटिफिकेशन जारी नहीं होने से किसी भी किसान को बीमा फसल का लाभ नहीं मिला। बुरहानपुर में इस बार प्राकृतिक आपदा के कारण 5 बार केला फसल को नुकसान पहुंचा है। अतः मैं कृषि मंत्रीजी से निवेदन करता हूँ कि केले के फसलों का मौसम आधारित फसल बीमा होना चाहिए जिससे हर साल किसानो के केला फसलों के होनेवाले नुकसान का 100 प्रतिशत मुआवजा उनको मिल सकेगा।

# “मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव का बालाघाट दौरा - स्वदेशी मेले मे हुए शामिल.”

**रंजीत टाईम्स**

**बालाघाट। स्टार्ट अप को प्रमोट करने के उदेश्य से बालाघाट में आयोजित स्वदेशी मेंले में आज मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि आप नये नये उघोग स्थापित करे आपकी प्रदेश सरकार हर तरह से मदद करेगी**

युवाओ में नये जोश का संचार करते हुए श्री यादव ने कहा कि आप रोजगार देने वाले बनो एंव कहा कि बालाघाट आज मिनी इडिया हो गया है , सभी प्रकार के अलग अलग उत्पादो के साथ ये जो बालाघाट में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है यह सच में अविस्मरडिय है , स्वदेशी उघोग ,मध्यम श्रेणी उघोग , रवाई उधोग कि स्थापना से हमारी प्रतिभाओ में और अधिक बल मिलेगा । श्री यादव ने कहा कि इस वर्ष 37000 स्टार्ट अप को प्रमोशन मिला है नवाचार करे , आप नौकरी देने वाले बनो , मुल मंत्र बहुत अच्छा है नये उत्पादो के लगाये गये स्टालो कि सराहना करते हुए श्री यादव ने आयोजन समिति का धन्यवाद किया और कहा कि प्रदेश इस तरह के आयोजन लगातार किये जायेगे।

स्वदेशी रोजगार मेले में मसाले , मलमल के कपडे , खाद्य पदार्थ कि इकाईया, कास्मेंटिक इमाईया , हस्तनिमित उघोग व्यापार कि बात करते हुए कहा हकि ये सभी , प्रसिध्द है भारत कि प्रतिभाऐ हमारे समाज के युवा मित्रो के द्वारा एक के बाद अपने रिजनल इडस्टी के माध्यम से आप रोजगार लगाईये सरकार आपको प्रोत्साहन देगी । रिजनल इडस्टी कोनक्लेव का जिक्र करते हुए श्री यादव ने कहा कि रीवा , उज्जैन ,ग्वालियर ,जबलपुर ,सागर आयोजित कि गई एंव इन सभी स्थानो पर इडस्टी कानक्लेव में 2.5 लाख करोड के प्रोजक्ट को मंजुरी मिली है। इसी 7 तारिख को मिनरल कानक्लेव होना है 2500 हेक्टेयर भूमि निर्माण इकाईयों को दिया जा रहा है। आप यदि रेडिमेंट गारमेट कि कंपनी लगाते हो तो प्रति व्यक्ति 5000 प्रति माह म.प्र. सरकार आपको देगी।

हमने बजट को बठाकर 7 लाख करोड का किया जावेगा जिससे सभी सेक्टर में स्वास्थ सेवाओ का भी जिक्र किया 2003 - 2024 से 17 मेडिकल कालेज है एक साल के अन्दर 30 मेडिकल कालेज और खोले जायेगे। सभी शासकिय अस्पतालो को मेडिकल कालेज में रूपांतरित किया जावेगा। बालाघाट में 1 एंव सम्पुर्ण राज्य में 13 आयुवेदिक मेडिकल कालेज खोला जावेगा और अधिक इडस्टी प्रस्ताव को मंजुरी दी जावेगी इसके साथ ही युवाओ को आफर लेटर भी प्रदान किये गये एंव कई हजार से अधिक युवाओ को पजियन किया गया उन्हे भी आफर लेटर दिया जाने कि बात कही गई ।

इसके सरदार पटेल महाविघालय में आयोजित 251 कुण्डली गायत्री महायज्ञ में भी श्री यादव ने सिरकत किया और कहा कई जन्मो कि पुन्य के बाद ऐसा अवसर प्राप्त होता है देश के अन्दर जो यह मार्ग यह यात्रा है देश भक्ति के ज्वार को पुरा जिवन समर्पित करने वाले अटल बिहारी वाजपई सबसे बडे विपक्ष कि भूमिका में भी गौरव बठाती है। उन्होने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी का नाम लेते हुए उनका भी अभिनंद किया और कहा कि ये संसकार है जो देश को आगे बठाते है। 2020 कि शिक्षा निति में गायत्री मंत्र कि महिमा को बठावा देने जा रहे है । गायत्री मंत्र में पि.एच.डी यदि कोई करे तो शासन पैसे वहन करेगी।

## परिवहन विभाग

# बिना ट्रायल बनाए जा रहे हैं ड्राइविंग लायसेंस



### ड्राइविंग ट्रेनिंग के फर्जी प्रमाण पत्र पर बन रहे हैं लायसेंस परिवहन अधिकारी खुलेआम कर रहे हैं नियम व निर्देशों की अव्हेलना

सीधी। जिला परिवहन कार्यालय से हर महीने करीब एक हजार से 12 सौ लोग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आते हैं और ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन देते हैं, लेकिन विभागीय तौर पर इनके लिए न ट्रायल ट्रैक हैं और न ही ट्रायल लेने के लिए कोई इंतजाम। फिजिकली तौर पर टेस्ट कर इन्हें लर्निंग लाइसेंस जारी किए जाते हैं। कागजी खानापूर्ति एजेंट या कार्यालय स्तर से पूरी कर ली जाती है।

जिले में संचालित निजी ड्राइविंग स्कूलों के सर्टिफिकेट और सीधे तौर पर फार्म भरकर लाइसेंस बनावा लिए जाते हैं, जबकि इनकी टेस्टिंग ट्रायल टैंक पर होनी जरूरी है, अभी जिला स्तर पर ट्रायल ट्रैक नहीं बन सके हैं। केंद्र सरकार ने ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल खोलने की योजना बनाई है किंतु जिले में शासन स्तर से इस ट्रेनिंग स्कूल का संचालन न कर परिवहन कार्य में लगे, एजेंटों को स्कूल संचालन का जिम्मा थमा दिया गया। यह ट्रेनिंग स्कूल बंद कमरे में संचालित हैं, जहां दाम देने पर आराम से सर्टिफिकेट मिल जाते हैं। यह देखने वाला कोई नहीं है कि जिसके नाम लाइसेंस जारी किया जा रहा है, उसे वाहन चलाना आता है या नहीं। उधर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश के साथ ही सीधी जिले में भी ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल खोले जाने की केंद्र सरकार की योजना है। जिसमें पूरा ड्राइविंग टेस्ट को सिखाने का पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर रहेगा। स्कूल व ट्रायल ट्रैक खोलने वालों को केंद्र सरकार से बड़े स्तर पर आर्थिक विज्ञापन भी मिलेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए खुद भी निवेश करना पड़ेगा। ज्यादातर ट्रेनिंग स्कूल एनजीओ के माध्यम से खोले जाएंगे। इसे कोई भी एनजीओ, व्यक्ति या संस्था खोल सकती है।

**नहीं हैं ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक**

जिला मुख्यालय पर अभी ड्राइविंग टेस्टिंग के लिए कोई ट्रैक या सुविधा नहीं है। जो स्थान निर्धारित किया गया है, वहां तक भारी वाहनों का पहुंचना ही संभव नहीं हो पाता। जिसके कारण वाहन चलाने में दक्षता या योग्यता के लिए कोई टेस्ट नहीं हो रहे हैं। बिना ट्रायल ट्रैक के ही परिवहन कार्यालय परिसर में शारीरिक तौर पर वाहन चलवाकर देख लिए जाते हैं। दरअसल आरटीओ भवन परिसर में इतना स्पेस और ट्रैकनुमा सडक नहीं है, जिस पर बकायदा टेस्टिंग की जा सके। कुल मिलाकर बिना परिवहन अधिकारी कार्यालय से संबंधित सभी सेवाएं पाने के लिए अलग-अलग सुविधा शुल्क निर्धारित किया गया है। दलालों के माध्यम से संबंधित सुविधा शुल्क देने पर सभी सेवाएं तत्परता पूर्वक मिल जाती हैं। यदि कोई व्यक्ति सीधे आवेदन करता है तो उसे संबंधित लिपिक नजर अंदाज कर देते हैं और दलाल के माध्यम से आवेदन की पूरी औपचारिकताएं पूर्ण करने का मशबरा देते हैं। मजबूरी में लोगों को काम कराने के लिए दलालों के माध्यम से ही अपने आवेदन को पूर्ण करने की प्रक्रिया निभानी पड़ती है।








